# PAPER-II
# ECONOMICS

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ____________________________
   (Name) ____________________________
2. (Signature) ____________________________
   (Name) ____________________________

OMR Sheet No. : ...........................................
(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |
(In figures as per admission card)

Roll No.________________________________
(In words)

**J 0 1 1 6**

Time : **1 ¼** hours] [Maximum Marks : **100**

Number of Pages in this Booklet : **24** Number of Questions in this Booklet : **50**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the Test Booklet Number should be entered on the OMR Sheet and the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (1), (2), (3) and (4). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** ① ② ● ④
   where (3) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Booklet only.** If you mark your response at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, such as change of response by scratching or using white fluid, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the Original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are, however, allowed to carry original question booklet and duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Black Ball point pen provided by C.B.S.E.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**
13. In case of any discrepancy in the English and Hindi versions, English version will be taken as final.

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. इस पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए पुस्तिका पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छों तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात् किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद प्रश्न-पुस्तिका का नंबर OMR पत्रक पर अंकित करें और OMR पत्रक का नंबर इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (1), (2), (3) तथा (4) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है :
   **उदाहरण :** ① ② ● ④
   जबकि (3) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पुस्तिका के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, जैसे कि अंकित किये गये उत्तर को मिटाना या सफेद स्याही से बदलना तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें । हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर मूल प्रश्न-पुस्तिका तथा OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं ।
10. **केवल C.B.S.E. द्वारा प्रदान किये गये काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई नकारात्मक अंक नहीं हैं ।**
13. यदि अंग्रेजी या हिंदी विवरण में कोई विसंगति हो, तो अंग्रेजी विवरण अंतिम माना जाएगा ।



www.examrace.com

**ECONOMICS**
**Paper – II**

**Note :** This paper contains **fifty (50)** objective type questions of **two (2)** marks each. **All** questions are compulsory.

**1.** Who among the following is <u>not</u> associated with the compensation principle of welfare economics ?

(1) Kaldor (2) Hicks


(3) Scitokosky (4) Pareto

**2.** Substitution of leisure for income leads to

(1) Backward sloping supply curve (2) Need for overtime payment

(3) Both (1) and (2) (4) Neither (1) nor (2)

**3.** In the adjoining diagram, in the equilibrium which one of the following is true ?




(1) Price = Average Cost (2) Price = Average Cost = Marginal Cost

(3) Marginal Cost = Average Revenue (4) There is no excess capacity.

**4.** Which of the following describes the Lemons problem in economies ?

(1) Bad currency drives out the good currency.

(2) Low-quality goods can drive high quality goods out of the market.

(3) Low cost firms drive out high cost firms from the market.

(4) Excess production of a horticulture crop.



www.examrace.com

## अर्थशास्त्र

### प्रश्नपत्र – II

**नोट :** इस प्रश्नपत्र में **पचास (50)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

**1.** निम्नलिखित में से कौन सा कल्याण अर्थशास्त्र के क्षतिपूरक सिद्धांत से संबंधित नहीं है :

(1) कैल्डर (2) हिक्स


(3) सिटोक्स्की (4) पैरेटो

**2.** आराम व आय के मध्य प्रतिस्थापन का परिणाम क्या होता है ?

(1) पश्चगामी आपूर्ति वक्र (2) समयोपरि भुगतान की आवश्यकता

(3) (1) और (2) दोनों (4) न तो (1) और नहीं (2)

**3.** दिए गए आलेख में संतुलन में कौन सा सत्य नहीं है ?




(1) मूल्य = औसत लागत (2) मूल्य = औसत लागत = सीमांत लागत

(3) सीमांत लागत = औसत आगम (4) कोई क्षमता आधिक्य नहीं है ।

**4.** अर्थशास्त्र में 'लेमन्स प्रोबलेम' को निम्न में से कौन वर्णित करता है ?

(1) खोटी मुद्रा उत्तम मुद्रा को बाहर कर देती है ।

(2) निम्न गुणवाली वस्तुएं बाजार से उच्च गुण वस्तुओं को बाहर कर देती है ।

(3) निम्न लागत वाली फर्में बाजार से उच्च लागत वाली फर्मों को बाहर कर देती है ।

(4) किसी बागवानी फसल का अधिक उत्पादन



www.examrace.com

**5.** Assuming that firm A increases its advertising and firm B responds by increasing its advertising. If profits of both firms increase, then firms A and B are engaged in

(1) a zero-sum game

(2) a positive-sum game

(3) a negative-sum game

(4) behaviour which cannot be understood in terms of games theory

**6.** Among the following the law of diminishing returns begins to operate when

(1) Total product begins to rise (2) Total product begins to fall

(3) Marginal product begins to rise (4) Average product begins to fall

**7.** Which among the following statements are correct regarding Edgeworth Duopoly model ?

I. It takes as given the output decision of rival.

II. It is adequate explanation of price rigidity.

III. It takes as given the price decision of rival.

Of these, the correct answer is

(1) Only statement I is true (2) Both I & III are true

(3) Both II and III are true (4) Only III is true

**8.** Identify the correct order of development of the theories given below :

(a) Marshall's Theory of Demand (b) Indifference Curves

(c) Revealed Preference Theory (d) Hicks' Revision of Demand Theory

**Codes :**

(1) (a), (b), (c), (d) (2) (d), (a), (c), (b)

(3) (b), (a), (d), (c) (4) (c), (d), (a), (b)

**9.** Inflationary gap refers to excess of aggregate demand over aggregate supply at

(1) full employment level (2) after full employment level

(3) before full employment level (4) both (1) and (2) above

**10.** In a dynamic multiplier system, the relation between income and investment will be

(1) $\Delta Y_t = k \Delta I_t$ (2) $\Delta Y_t = k \Delta I_{t-1}$

(3) $\Delta Y_{t-1} = k \Delta I_t$ (4) $\Delta Y_{t-1} = k \Delta I_{t-1}$



www.examrace.com

**5.** मान लिया जाए कि फर्म A अपने विज्ञापन को बढ़ाता है तो उसके जबाव में फर्म B भी विज्ञापन को बढ़ावा देता है। यदि दोनों फर्म का लाभ बढ़ता है तब फर्म A और B किसमें संलग्न है ?

(1) एक शून्य योग क्रीड़ा

(2) एक धनात्मक क्रीड़ा

(3) एक ऋणात्मक क्रीड़ा

(4) क्रीडा सिद्धांत के माध्यम से जिस व्यवहार को नहीं जाना जा सकता ।

**6.** ह्रासमान प्रतिफल नियम निम्न में से कब चालू होता है ?

(1) जब कुल उत्पाद बढ़ने लगता है । (2) जब कुल उत्पाद कम होने लगता है ।

(3) जब सीमांत उत्पाद बढ़ने लगता है । (4) जब औसत उत्पादन कम होने लगता है ।

**7.** एज्डवर्थ ड्यूपोली मॉडल के संबंध में निम्न में से कौन-सा कथन सही है ?

I. यह प्रतिद्वन्द्वी के उत्पाद निर्णय को दिया हुआ मानते है ।

II. यह मूल्य अनम्यता का पर्याप्त स्पष्टीकरण है ।

III. यह प्रतिद्वन्द्वी के मूल्य निर्णय को दिया हुआ मानते है ।

इनमें से कौन सा उत्तर सही है ?

(1) केवल कथन I सत्य है । (2) कथन I और III दोनों सत्य हैं ।

(3) कथन II और III दोनों सत्य हैं । (4) केवल III सत्य है ।

**8.** निम्नलिखित सिद्धांतों के विकास के सही क्रम का चयन करें :

(a) मार्शल की माँग का सिद्धांत (b) अनधिमान वक्र

(c) प्रकटित अधिमान सिद्धांत (d) हिक्स द्वारा माँग का सिद्धांत का पुर्नरीक्षण

**कूट** :

(1) (a), (b), (c), (d) (2) (d), (a), (c), (b)

(3) (b), (a), (d), (c) (4) (c), (d), (a), (b)

**9.** स्फीति अंतराल का तात्पर्य सकल आपूर्ति पर सकल माँग के आधिक्य से है, जो निम्न में से किससे संबंधित है ?

(1) पूर्ण रोजगार स्तर (2) पूर्ण रोजगार स्तर के उपरांत

(3) पूर्ण रोजगार स्तर से पहले (4) (1) और (2) उपरोक्त दोनों

**10.** किसी प्रावैगिक गुणक प्रणाली में आय और निवेश के बीच का संबंध क्या होग ?

(1) $\Delta Y_t = k \Delta I_t$ (2) $\Delta Y_t = k \Delta I_{t-1}$

(3) $\Delta Y_{t-1} = k \Delta I_t$ (4) $\Delta Y_{t-1} = k \Delta I_{t-1}$



www.examrace.com

**11.** Changes in the portfolio assets of the people take place due to


(1) Current rate of interest

(2) Future rate of interest

(3) Current rate of interest in relation to future rate of interest

(4) Current price of bonds

**12.** In the adjoining standard diagram, in relation to point E, which among the following is true ?




(1) Share of labour is AB

(2) Share of capital is OB

(3) Share of capital is AB

(4) Share of capital is ABCE

**13.** Given :

I = 5 + 0.2y

S = –15 + 0.3 y

G = 5

Where I = Investment; S = Savings

G = Government Expenditure

Y = National Income

What is the equilibrium level of income ?

(1) 200

(2) 150

(3) 250

(4) 300



www.examrace.com

**11.** लोगों के पोर्टफोलियो परिसम्पत्ति में बदलाव होने के कारण है :


(1) ब्याज की वर्तमान दर

(2) ब्याज की भावी दर

(3) भावी ब्याज दर के साथ ब्याज की वर्तमान दर

(4) बॉण्ड की वर्तमान मूल्य

**12.** दिए गए आरेख में बिंदु E के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सत्य है ?




(1) श्रम का अंश AB हैं ।

(2) पूंजी का अंश OB हैं ।

(3) पूंजी का अंश AB है ।

(4) पूंजी का अंश ABCE है ।

**13.** दिए गए :

I = 5 + 0.2y

S = –15 + 0.3y

G = 5

जहाँ I = निवेश, S = बचत

G = सरकारी व्यय

Y = राष्ट्रीय आय

आय का संतुलन स्तर कौन सा है ?

(1) 200 (2) 150

(3) 250 (4) 300



www.examrace.com

**14.** Which among the following measures the intensity of poverty ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | Head Count Ratio of Poverty | (2) | Poverty Gap |
| (3) | Square of Poverty Gap | (4) | Per Capita Income |

**15.** Consider the following statements :

(i) Rate of growth of GDP exhibits the performance of the economy.

(ii) Per capita GDP shows the standard of living of the people in a country.

Which of the statements given above is/are correct ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | Only (i) | (2) | Only (ii) |
| (3) | Both (i) and (ii) | (4) | Neither (i) nor (ii) |

**16.** Application of project evaluation methods in Indian planning has been difficult because of

(a) Inadequate and inaccurate statistics

(b) Wrong assessment of direct and indirect benefits

(c) Complementarily of the projects

Select the answer from the codes below :

**Codes :**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | (a) & (b) | (2) | (b) & (c) |
| (3) | (a), (b) and (c) | (4) | (a) & (c) |

**17.** Which among the following has not been declared as a special category State in India ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | Uttarakhand | (2) | Bihar |
| (3) | Jammu & Kashmir | (4) | Himachal Pradesh |

**18.** In the context of project evaluation, the net present value method mainly depends upon :

(1) interest rate prevalent at a given time

(2) exchange rate prevalent at a given time

(3) sales tax rate prevalent at a given time

(4) both income and sales tax rates prevalent at a given time



www.examrace.com

**14.** गरीबी की तीव्रता का माप निम्न में कौन करता है ?

(1) गरीब व्यक्तियों का अनुपात
(2) गरीबी अंतराल
(3) गरीबी अंतराल का वर्ग
(4) प्रति व्यक्ति आय

**15.** निम्नलिखित कथनों पर विचार करें :

(i) सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर अर्थव्यवस्था के निष्पादन को प्रदर्शित करती है ।

(ii) प्रति व्यक्ति सकल घरेलू आय किसी देश के जीवन स्तर को दर्शाती है ।

उपरोक्त कथनों में से कौन सा/से कथन सही है/ हैं ?

(1) केवल (i)
(2) केवल (ii)
(3) (i) और (ii) दोनों
(4) न तो (i) और नहीं (ii)

**16.** भारतीय योजना में परियोजना मूल्यांकन विधियों की प्रयोज्यता निम्नांकित के कारण भिन्न रही है :

(a) अपर्याप्त एवं अशुद्ध आंकडे

(b) प्रत्यक्ष एवं परोक्ष लाभों का गलत आकलन

(c) परियोजनाओं की अनुपूरकता

नीचे दिए गए कूटों से सही उत्तर का चयन करें :

**कूट :**

(1) (a) और (b)
(2) (b) और (c)
(3) (a), (b) और (c)
(4) (a) और (c)

**17.** निम्नांकित में से भारत के किस राज्य को विशेष श्रेणी का राज्य नहीं घोषित किया गया है ?

(1) उत्तराखंड
(2) बिहार
(3) जम्मू और कश्मीर
(4) हिमाचल प्रदेश

**18.** परियोजना मूल्यांकन के संदर्भ में निवल वर्तमान मूल्य मुख्यत: निर्भर करता है :

(1) किसी दिए गए समय में प्रचलित व्याज दर पर

(2) किसी दिए गए समय में प्रचलित विनिमय दर पर

(3) किसी दिए गए समय में प्रचलित बिक्री कर दर पर

(4) किसी दिए गए समय में प्रचलित आय तथा बिक्री कर दर दोनों पर



www.examrace.com

**19.** Which among the following economists advocated the use of social marginal productivity criterion ?

(1) Hollis B. Chenery (2) A.K. Sen

(3) Maurice Dobb (4) J.J. Polak

**20.** Trickle down strategy explains process associated with which of the following economic systems ?

(1) Capitalist system (2) Socialist system

(3) Mixed economy (4) Both (1) and (3)

**21.** Who among the following is not a regulator of financial sector in India ?

(1) Securities and Exchange Board of India

(2) Insurance Regulatory and Development Authority

(3) Competition Commission of India

(4) Forward Market Commission of India

**22.** Dumping in international trade means that a country

(1) exports all the domestic production of a commodity

(2) imports a commodity at a very low price

(3) exports a commodity at a price less than its cost of production

(4) exports a commodity at a price equal to its cost of production

**23.** International trade in goods and services is sometimes used as a substitute for all of the following, except

(1) international movement of capital

(2) international movement of labour

(3) domestic production of same goods and services

(4) domestic production of different goods and services



www.examrace.com

**19.** निम्नांकित में से किस अर्थशास्त्री ने सामाजिक सीमांत उत्पादकता कसौटी की वकालत की ?

(1) हॉलिस बी. चेनरी (2) ए. के. सेन

(3) मॉरिस डॉब (4) जे. जे. पोलक

**20.** अधोगामी रिसाव (ट्रिकल डाउन) रणनीति निम्नांकित में से किन आर्थिक प्रणाली से संबंधित प्रक्रिया का वर्णन करता है ?

(1) पूंजीवादी प्रणाली (2) समाजवादी प्रणाली

(3) मिश्रित अर्थव्यवस्था (4) (1) और (3) दोनों

**21.** निम्नांकित में से कौन भारत में वित्तीय क्षेत्र का विनियामक है ?

(1) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड

(2) बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण

(3) भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग

(4) भारतीय वायदा बाजार आयोग

**22.** अंतरराष्ट्रीय व्यापार में राशिपातन का तात्पर्य-कोई देश :

(1) वस्तु के समस्त घरेलू उत्पादन का निर्यात करता है ।

(2) वस्तुओं का अत्याधिक कम मूल्य में आयात करता है ।

(3) उत्पादन लागत से कम कीमत पर वस्तुओं का निर्यात करता है ।

(4) उत्पादन लागत के समान कींमत पर वस्तुओं का निर्यात करता है ।

**23.** निम्नलिखित में से किसी एक को छोड़कर वस्तुओं और सेवाओं से अंतर्राष्ट्रीय व्यापार का इस्तेमाल यदा-कदा एक विकल्प के रूप में किया जाता है ?

(1) पूंजी का अंतर्राष्ट्रीय परिचालन ।

(2) श्रम का अंतर्राष्ट्रीय परिचालन ।

(3) समान वस्तुओं और सेवाओं का घरेलू उत्पादन ।

(4) भिन्न वस्तुओं और सेवाओं का घरेलू उत्पादन ।



www.examrace.com

**24.** If the elasticities of supply of exports and imports are large in relation to the elasticity of demand for exports and imports, devaluation of a country's currency will :

(1) not effect the terms of trade
(2) worsen the terms of trade
(3) improve the terms of trade
(4) All of the above

**25.** **Assertion (A) :** Factor prices tend to be equal among the trading countries.

**Reason (R) :** International trade in goods and services is a proxy for movement of factors among the countries.

Select the correct answer from the codes below :

**Codes :**

(1) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(2) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).
(3) (A) is true, but (R) is false.
(4) (A) is false, but (R) is true.

**26.** Uruguay Round of negotiations concerned with which among the following ?

(1) Tariff Measures
(2) Non-Tariff Measures
(3) Both (1) and (2)
(4) Neither (1) nor (2)

**27.** Which among the following items are included in the NAMA ?

(1) Fish and marine products
(2) Manufactured products
(3) Fuel products
(4) All the above

**28.** Which among the following is the largest trading partner of India in 2015-16 ?

(1) USA
(2) UAE
(3) Euro zone
(4) China

**29.** Kisan Kalyan Cess is imposed on

(1) Taxable services
(2) Cold storages
(3) Mandi Samitis
(4) Corporations



www.examrace.com

**24.** यदि निर्यात और आयात की आपूर्ति की लोच निर्यात और आयात की माँग की लोच से अधिक हो तब किसी देश की मुद्रा का अवमूल्यन क्या करेगा ?

(1) व्यापार की शर्तों को प्रभावित नहीं करेगा । (2) व्यापार शर्तों में ह्रास होगा ।

(3) व्यापार की शर्तों को सुधारेगा । (4) उपरोक्त में से सभी

**25.** **अभिकथन (A) :** व्यापार करने वाले देशों में साधन मूल्य एक समान होने की प्रवृत्ति होती है ।

**कारण (R) :** वस्तुओं और सेवाओं का अंतर्राष्ट्रीय व्यापार देशों के बीच साधन-परिचालन का एक प्रकार से स्थानपन्न है ।

नीचे दिए गए कूटों में से सही उत्तर का चयन करें :

**कूट :**

(1) (A) और (R) दोनों सत्य है तथा (A) का सही स्पष्टीकरण (R) है ।

(2) (A ) और (R) दोनों सत्य है, परंतु (A) का सही स्पष्टीकरण (R) नहीं है ।

(3) (A) सत्य, परंतु (R) गलत है ।

(4) (A) गलत, परंतु (R) सत्य है ।

**26.** उरग्वे वार्ता चक्र में निम्न में से क्या शामिल है ?

(1) प्रशुल्क माप

(2) गैर प्रशुल्क माप

(3) (1) और (2) दोनों

(4) न तो (1) और न ही (2)

**27.** निम्नलिखित में से किन मदों को 'नामा' (NAMA) में शामिल किया गया है ?

(1) मछली और समुद्र उत्पाद (2) विनिर्माण उत्पाद

(3) ईंधन उत्पाद (4) उपरोक्त में से सभी

**28.** 2015-2016 में निम्नलिखित में से कौन भारत का सबसे बड़ा व्यापार पार्टनर रहा ?

(1) अमेरिका (2) संयुक्त राज्य अमिरात

(3) यूरो जोन (4) चीन

**29.** किसान कल्याण उपकर निम्न में से किस पर लगाया गया है ?

(1) करयोग्य सेवाओं पर (2) कोल्ड स्टोरेजों पर

(3) मंडी समिति पर (4) निगमों पर



www.examrace.com

**30.** With reference to balance of payments, which of the following constitute(s) the current account ?

I. Balance of trade
II. Foreign assets
III. SDRs
IV. Trade in invisibles

Select the correct answer from the codes below :

**Codes :**

(1) I only
(2) II and III
(3) I and IV
(4) I, III and IV

**31.** Which one of the following is <u>not</u> correct about SEBI (Securities and Exchange Board of India) ?

(1) It has the power to protect the interest of the investors in securities.
(2) It has the power to convert private securities to public securities.
(3) It has the power to promote development of capital market.
(4) It has the power to regulate the working of stock exchange.

**32.** Which among the following countries (as on May 2016) are currently using the Quantitative easing as a measure to improve the inflationary expectations in the economy ?

(1) Japan
(2) Britain
(3) USA
(4) Australia

**33.** The base year of the newly introduced Consumer Price Index (CPI) in India has been shifted to the year :

(1) 2009
(2) 2012
(3) 2011
(4) 2010

**34.** Which of the following is not a legal tender in India ?

(1) One rupee coin
(2) Fifty paise coin
(3) ₹ 500 note
(4) Government securities



www.examrace.com

**30.** भुगतान संतुलन के संदर्भ में निम्न में से कौन चालू खाते के मद हैं ?

I. व्यापार शेष

II. विदेशी परिसंपत्तियाँ

III. एसडीआर

IV. अदृश्य मदों में व्यापार

कूट में से सही उत्तर का चयन करें :

**कूट :**

(1) केवल I

(2) II और III

(3) I और IV

(4) I, III और IV

**31.** सेबी (भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड) के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा सत्य नहीं है ?

(1) प्रतिभूति में विनिवेशकों के हितों की रक्षा का अधिकार इसके पास है ।

(2) निजी प्रतिभूति को सार्वजनिक प्रतिभूति में बदलने का अधिकार इसके पास है ।

(3) इसके पास पूँजी बाजार के विकास का अधिकार है ।

(4) इसके पास स्टॉक एक्स्चेंज की कार्यप्रणाली के विनियमन का अधिकार है ।

**32.** निम्नलिखित में से किस देश के द्वारा (मई 2016 में) वर्तमान में सुगम परिमाणात्मक मौद्रिक प्रवाह का प्रयोग अर्थव्यवस्था में स्फीति प्रत्याशाओं के सुधार हेतु किया जा रहा है ?

(1) जापान

(2) ब्रिटेन

(3) यू.एस.ए.

(4) आस्ट्रेलिया

**33.** भारत में हाल ही में शुरू किए गए उपभोक्ता कींमत सूचकांक के आधार वर्ष को किस वर्ष में बदला गया ?

(1) 2009

(2) 2012

(3) 2011

(4) 2010

**34.** निम्नलिखित में से कौन सी एक वैधानिक मुद्रा नहीं है ?

(1) एक रूपये का सिक्का

(2) पचास पैसे का सिक्का

(3) 500 रू. का नोट

(4) सरकारी प्रतिभूतियाँ



www.examrace.com

**35.** Consider the following statements and select the correct answer from the options given below :

I. NITI Aayog aims to promote Co-operative Federalism.

II. NITI Aayog is to centralise the planning process in response to scarcity of resources.

(1) Only I
(2) Only II
(3) Both I & II
(4) Neither I nor II

**36.** 'GST' would subsume which of the following taxes ?

I. Excise Duty
II. Customs Duty
III. Sales Tax
IV. Service Tax

Select the correct codes :

**Codes :**

(1) I & IV
(2) I, II and IV
(3) I, III and IV
(4) All of above

**37.** Which of the following is/are advantage(s) of zero-based budgeting ?

(i) It eliminates or minimizes the low priority programmes.

(ii) It improves the programme effectiveness.

(iii) It facilitates critical review of schemes in terms of their cost effectiveness and benefits.

Select the answer from the codes below :

**Codes :**

(1) (i) only
(2) (ii) and (iii)
(3) (i), (ii) and (iii)
(4) (i) and (ii)

**38.** Public good in which exclusion is possible is called :

(1) an exclusive good
(2) a common good
(3) a club good
(4) an impure good



www.examrace.com

**35.** निम्नलिखित कथनों पर विचार करें और नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन करें :

I. नीति आयोग का उद्देश्य सहकारी संघवाद को बढ़ावा देना है ।

II. संसाधनों की कमी को ध्यान में रखते हुए योजना प्रक्रिया को केन्द्रीयकृत करने का भी नीति आयोग का उद्देश्य है ।

उपरोक्त में से कौन से /सा कथन सही है/हैं ।

(1) केवल I
(2) केवल II
(3) केवल I व II
(4) न तो I और न II

**36.** 'जीएसटी' में निम्नांकित में से कौन से कर शामिल होंगे ?:

I. उत्पाद शुल्क
II. सीमा शुल्क
III. बिक्री कर
IV. सेवा कर

सही कूट का चयन करें :

**कूट :**

(1) I और IV
(2) I, II और IV
(3) I, III और IV
(4) उपर्युक्त सभी

**37.** निम्नांकित में से कौन शून्य आधारित बजटिंग के लाभ है

(i) इसमें निम्न प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों को समाप्त अथवा न्यूनतम कर दिया जाता है ।

(ii) इससे कार्यक्रम की प्रभावकारिता में सुधार होता है ।

(iii) इसमें योजनाओं की लागत-कुशलता तथा लाभों के रूप में उनकी आलोचनात्मक समीक्षा सुलभ हो जाती है ।

दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन करें :

**कूट** :

(1) केवल (i)
(2) (ii) और (iii)
(3) (i), (ii) और (iii)
(4) (i) और (ii)

**38.** एक सार्वजनिक वस्तु जिसमें बहिर्वेशन संभव है, कहलाता है :

(1) एक अपवर्जी वस्तु
(2) एक आम वस्तु
(3) एक क्लब वस्तु
(4) एक अशुद्ध वस्तु



www.examrace.com

**39.** In order for someone to be a free rider, an activity must be undertaken that :

(1) arranges for ride-sharing at rush hour.

(2) creates benefits for people who cannot be forced to pay for them.

(3) beautifies a neighbourhood.

(4) identifies the beneficiaries and forces them to pay.

**40.** Which factor has no role in the shifting of a tax ?

(1) Change in prices

(2) Nature of demand

(3) Income of the consumer

(4) Elasticity of demand and supply

**41.** **Assertion (A) :** A progressive income tax is also known as built-in stabilizer.

**Reason (R) :** As economy expands, and income rises, taxes also rise in the same proportion.

Answer from the codes below :

**Codes :**

(1) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(2) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(3) (A) is true, but (R) is false.

(4) (A) is false, but (R) is true.

**42.** **Assertion (A) :** Rising Public debt is a cause of concern for the government and economy.

**Reason (R) :** Rising interest payments due to rising public debt erodes government's capacity for economic development.

Answer from the codes below :

**Codes :**

(1) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(2) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(3) (A) is true, but (R) is false.

(4) (A) is false, but (R) is true.



www.examrace.com

**39.** किसी के निःशुल्क लाभार्थी होने के लिए कैसा कार्यकलाप किया जाना चाहिए ?

(1) व्यस्ततम घंटो के दौरान लाभ-भागीदारी की व्यवस्था की जाती है ।

(2) लोगों के लिए ऐसे लाभ का सृजन होता है जिनके लिए उन्हें भुगतान करने हेतु बाध्य नहीं किया जा सकता है।

(3) पड़ोस का सौंदर्यीकरण किया जाता है ।

(4) लाभार्थियों की पहचान की जाती है और उन्हें भुगतान करने के लिए बाध्य किया जाता है ।

**40.** किसी कर को दूसरों पर डालने में किस कारक की कोई भूमिका नहीं है ?

(1) मूल्यों में परिवर्तन

(2) मांग की प्रकृति

(3) उपभोक्ता की आय

(4) मांग और पूर्ति की लोचशीलता

**41.** **अभिकथन (A)** : प्रगामी आयकर को अन्तः निर्मित स्थिरीकारक के रूप में जाना जाता है ।

**तर्क (R)** : जैसे-जैसे अर्थव्यवस्था का विस्तार होता है तथा आय में वृद्धि होती है, करों में भी उसी अनुपात में वृद्धि होती है ।

नीचे दिए गए विकल्पों से उत्तर दें :

**कूट** :

(1) (A) और (R) दोनों सहीं हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(2) (A) और (R) दोनों सहीं है, किन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(3) (A) सही, किन्तु (R) गलत है ।

(4) (A) गलत है, किन्तु (R) सही हैं ।

**42.** **अभिकथन (A)** : वृद्धिमान सार्वजनिक ऋण सरकार और अर्थव्यवस्था के लिए चिंता का कारण है।

**तर्क (R)** : बढ़ते हुए सार्वजनिक ऋण के कारण ब्याज भुगतान में वृद्धि से आर्थिक विकास के लिए सरकार की क्षमता कम हो जाती है ।

नीचे दिए गए विकल्पों से उत्तर दें :

**कूट** :

(1) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(2) (A) और (R) दोनों सही हैं, किंतु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(3) (A) सही है, किंतु (R) गलत है ।

(4) (A) गलत है, किंतु (R) सही हैं ।



www.examrace.com

**43.** An imposition of capital gains tax will

(1) reduce both savings and investment
(2) increase savings
(3) reduce savings
(4) increase consumption

**44.** The Arithmetic mean and median in a moderately skewed distribution are 28.1 and 27.6. The value of mode in this distribution would be

(1) 26.8
(2) 26.6
(3) 29.0
(4) 27.5

**45.** Which of the following is not unit free ?

(1) Coefficient of correlation
(2) Coefficient of variation
(3) Laspeyer's Index Number
(4) Standard deviation

**46.** **Assertion (A) :** Ogives help to compare frequency distribution.

**Reason (R) :** They help to determine the values of median, quartile, deciles and percentiles etc.

In the context of the two statements, which one of the following is correct ?

**Codes :**

(1) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(2) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).
(3) (A) is true, but (R) is false.
(4) (A) is false, but (R) is true.

**47.** Which of the following is a probability based sampling method ?

(1) Quota sampling
(2) Purposive sampling
(3) Systematic sampling
(4) Convenience sampling



www.examrace.com

**43.** पूंजी लाभ कर लगाए जाने से –

(1) बचत और निवेश दोनों में कमी होगी । (2) बचत में वृद्धि होगी ।

(3) बचत में कमी होगी । (4) उपभोग में वृद्धि होगी ।

**44.** एक अल्प विषम बंटन में अंकगणितीय माध्य और माध्यिका 28.1 तथा 27.6 है । बंटन में बहुलक का मान होगा ।

(1) 26.8 (2) 26.6

(3) 29.0 (4) 27.5

**45.** निम्नांकित में कौन इकाई मुक्त नहीं है ?

(1) सहसबंध गुणांक (2) विचरण गुणांक

(3) लैस्पेयर का सूचकांक (4) मानक विचलन

**46.** **अभिकथन (A)** : ओजाइव वक्र से बारंबारता बंटन की तुलना करने में मदद मिलती है ।

**तर्क (R)** : इससे माध्यिका, चतुर्थकों, दशमकों तथा शतमकों आदि के मान का निर्धारण करने में मदद मिलती है ।

उपरोक्त दो कथनों के संबंध में, निम्न में से क्या सही है ?

**कूट** :

(1) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(2) (A) और (R) दोनों सही हैं, किंतु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(3) (A) सही है, किंतु (R) गलत है ।

(4) (A) गलत है, किंतु (R) सही है ।

**47.** निम्नांकित में कौन एक प्रायिकता आधारित प्रतिचयन विधि है ?

(1) अभ्यांश प्रतिचयन (2) उद्देश्यपूर्ण प्रतिचयन

(3) व्यवस्थित प्रतिचयन (4) सुविधा प्रतिचयन



www.examrace.com

**48.** Match the items in List – I and List – II and answer from the codes given below :

| List – I | | List – II | |
|---|---|---|---|
| a. | Median | i. | Measure of Inequality |
| b. | Quartile deviation | ii. | Measure of Central Tendency |
| c. | Gini coefficient | iii. | Regression analysis |
| d. | Coefficient of determination | iv. | Measure of dispersion |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | ii | i | iii | iv |
| (2) | iii | ii | iv | i |
| (3) | ii | iv | i | iii |
| (4) | i | ii | iii | iv |

**49.** **Assertion (A) :** Duesenberry hypothesised that consumption income relationship is not exactly reversible.

**Reason (R) :** Consumption depends on current income.

Select the answer from the codes below :

**Codes :**

(1) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).
(2) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(3) (A) is true, but (R) is false.
(4) Both (A) and (R) are false.

**50.** Match List – I with List – II and select the correct answer by using the codes given below :

| List – I (Author) | | List – II (Book) | |
|---|---|---|---|
| a. | Karl Marx | i. | Capitalism, Socialism and Democracy |
| b. | J.A. Schumpeter | ii. | Capital and Interest |
| c. | Thomas Piketty | iii. | Das Kapital |
| d. | E. Bohm von Bawerk | iv. | Capital in the Twenty First Century |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | iii | i | ii | iv |
| (2) | iii | i | iv | ii |
| (3) | iv | iii | ii | i |
| (4) | ii | iii | iv | i |



www.examrace.com

**48.** सूची-I की मदों को सूची-II की मदों से सुमेलित करें तथा नीचे दिए गए कूटों से उत्तर का चयन करें :

| | **सूची – I** | | **सूची – II** |
|---|---|---|---|
| a. | माध्यिका | i. | असमानता की माप |
| b. | चतुर्थक विचलन | ii. | केंद्रीय प्रवृत्ति की माप |
| c. | गिनी गुणांक | iii. | प्रतीप गमन विश्लेषण |
| d. | निर्धारण गुणांक | iv. | अपकिरण की माप |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | ii | i | iii | iv |
| (2) | iii | ii | iv | i |
| (3) | ii | iv | i | iii |
| (4) | i | ii | iii | iv |

**49.** **अभिकथन (A)** : ड्यूसेनबरी ने यह परिकल्पना की कि उपभोग आय संबंध पूर्णतः अनुत्क्रमणीय है ।

**तर्क (R)** : उपभोग चालू आय पर निर्भय करता है ।

सही कूट का चयन करें :

**कूट** :

(1) (A) और (R) दोनों सही है, किंतु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(2) (A) और (R) दोनों सही है और (R), (A) की सही व्याख्या हैं ।

(3) (A) सही है, किंतु (R) गलत है ।

(4) (A) और (R) दोनों गलत हैं ।

**50.** सूची-I और सूची-II को से सुमेलित करें तथा नीचे दिए गए कूटों का उपयोग कर सही उत्तर का चयन करें :

| | **सूची – I (लेखक)** | | **सूची – II (पुस्तक)** |
|---|---|---|---|
| a. | कार्ल मार्क्स | i. | कैपिटलिज्म, सोसिएलिज्म एंड डेमोक्रेसी |
| b. | जे ए शुम्पीटर | ii. | कैपिटल एंड इंटेरेस्ट |
| c. | थॉमस पिकेटी | iii. | दास कैपिटल |
| d. | ई.बॉम वॉन बावर्क | iv. | कैपिटल इन द ट्वेन्टी फर्स्ट संचुरी |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | iii | i | ii | iv |
| (2) | iii | i | iv | ii |
| (3) | iv | iii | ii | i |
| (4) | ii | iii | iv | i |



www.examrace.com

**Space For Rough Work**

Exam Race



www.examrace.com